# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

## वर्ष 2024

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका      वर्ष 13      अंक 50 (अप्रैल, 2024)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)




**सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**

**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**

**पिलानी (राजस्थान) 333031**

**संरक्षक**

डॉ.  पी.सी. पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी

**संपादन सहयोग**

श्री धर्मेन्द्र कुमार

कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी)

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ विश्व हिंदी दिवस का आयोजन।

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 10 जनवरी, 2024 को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में संस्थान में वैज्ञानिक वेबिनार का आयोजन किया गया। एम. एस. टीम्स के माध्यम से आयोजित वेबिनार में संस्थान के वैज्ञानिकों एवं एक शोधार्थी छात्रा द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुतीकरण/व्याख्यान दिए गए। ऑनलाइन आयोजित वेबिनार में संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों सहित मुख्य वैज्ञानिक डॉ. शशिकांत संदिस्तप, डॉ. सुचंदन पाल, डॉ. यू.एन.पाल, प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण एवं वेबिनार के वक्ताओं सहित कार्यक्रम के संयोजक श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी एवं अन्य सहकर्मी व प्रतिभागी उपस्थित थे। संस्थान के कार्मिकों के अलावा वेबिनार में कुछ सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के कार्मिक भी जुड़े। समारोह की अध्यक्षता डॉ. शशिकांत सदिस्तप, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी ने की। इस अवसर पर डॉ. सदिस्तप एवं अन्य मंचस्थ अधिकारियों द्वारा संस्थान की विज्ञान पत्रिका इलेक्ट्रॉनिक दर्पण 2023 का विमोचन भी किया गया। डॉ. सदिस्तप ने वेबिनार में प्रस्तुतीकरण देने वाले वैज्ञानिकों को प्रशस्ति पत्र भी भेंट किए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने सभी को विश्व हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे संस्था न में हिंदी का उपयोग अनवरत रूप से बढ़ा है। इस अवसर पर प्रशासन नियंत्रक श्री जय शंकर शरण ने अपने व्याख्यान में हिंदी की एतिहासिक पृष्ठभूमि, देवनागरी लिपि की विशेषताएँ, हिंदी के विकास में आने वाली बाधाओं और उनके समाधान पर प्रकाश डालते हुए हिंदी की वैश्विक स्थिति और संभावनाओं पर चर्चा की। इसके साथ ही मुख्य समारोह के दौरान संस्थान की वार्षिक पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' (वर्ष 2023, अंक 7) का विमोचन किया गया। इस पत्रिका में संस्थान के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों के शोधपत्र/वैज्ञानिक आलेख प्रकाशित किए गए हैं।

### ✓ डॉ. पी. सी. पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सीएसआईआर संसाधन केन्द्र की स्थापना के लिए राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री से भेंट की

सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया के नेतृत्व में संस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने 10 जनवरी, 2024 को राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर भेंट की। बैठक विज्ञान भारती राजस्थान के सौजन्य से आयोजित की गई बैठक में सीएसआईआर-सीरी सहित राज्य के विभिन्न विज्ञान, अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थानों तथा विज्ञान भारती से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीरी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष सीएसआईआर संसाधन केन्द्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा।

### ✓ जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत ऊर्जा साक्षरता सप्ताह का आयोजन

संस्थान ने 18-25 जनवरी, 2024 की अवधि में ऊर्जा साक्षरता सप्ताह (Energy Literacy Week) मनाया। इस अवधि में सीकर, जयपुर, जोधपुर, पाली, बाड़मेर, अलवर, भरतपुर, करौली एवं धौलपुर में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालयों में जलवायु घड़ी (Climate Clock) का संस्थापन किया। संस्थान के वैज्ञानिकों/कार्मिकों के दल ने 16 जनवरी, 2024 को निकटवर्ती विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को ऊर्जा साक्षरता तथा वैश्विक तापमान में वृद्धि के संबंधमें जानकारी दे कर उन्हें जागरूक किया।

### ✓ सेमिकंडक्टर डिवाइसेज एंड सेंसर्स पर 'डीएसटी-एसईआरबी कार्यशाला' में एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन।

भारत सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान बोर्ड (सर्ब) के सौजन्य से सीरी संस्थान में दिनांक 15 फरवरी, 2024 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के चयनित 25 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। इसके अलावा संस्थान के लगभग 75 वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्मिकों, स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पीसी पंचारिया, ने विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाओं की चर्चा करते हुए उसमें सेमिकंडक्टर के योगदान पर प्रकाश डाला। प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. सुमन जाखड़ एवं श्री कौशल कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

### ✓ वाइड एण्ड अल्ट्रावाइड बैंडगैप सेमिकंडक्टर डिवाइसेज़ पर 'डीएसटी-एसईआरबी कार्यशाला' का आयोजन।

भारत सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन सेवारत संस्था साइंस एण्ड इंजीनियरिग रिसर्च बोर्ड (एसईआरबी) एवं सेमिकंडक्टर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 19 फरवरी, 2024 को सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। तकनीकी कार्यशाला-सह फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में पिलानी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस तकनीकी कार्यशाला-सह फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में पिलानी की प्रमुख शिक्षण संस्थाओं – बिट्स-पिलानी, बीटीटीआई और बीकेबीआईईटी के 33 शिक्षकों, शोधार्थी छात्रों सहित सीएसआईआर-सीरी के 35 वैज्ञानिकों, तकनीकी कार्मिकों ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर सॉलिड स्टेट फिजिक्स लैब (डीआरडीओ), नई दिल्ली के उत्कृष्ट वैज्ञानिक डॉ. डीएस रावल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शोध छात्रों एवं शिक्षकों को 'वाइड एवं अल्ट्रावाइड बैंडगैप सेमिकंडक्टर डिवाइसेज और उनके अनुप्रयोगों' पर अत्याधुनिक जानकारी देना और सेमिकंडक्टर उद्योग के लिए कुशल जनशक्ति और नवीन विशेषज्ञ तैयार करते हुए देश में चल रही सेमिकंडक्टर क्रांति में अपना योगदान देना है।

### ✓ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर में तीन-दिवसीय राजस्थान विज्ञान महोत्सव का आयोजन।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 के उपलक्ष्य में प्रदेश की राजधानी जयपुर में राजस्थान विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय राजस्थान विज्ञान महोत्सव के प्रथम दिन सीएसआईआर-डीएसटी प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर

राजस्थान सरकार के माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। दिनांक 26-28 फरवरी, 2024 के दौरान आयोजित किए गए राजस्थान विज्ञान महोत्सव का आयोजन सीएसआईआर-सीरी सहित डीएसटी-राजस्थान, विज्ञान भारती- राजस्थान और राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने तीन दिवसीय विज्ञान महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर अपने स्वागत एवं अध्यक्षीय संबोधन में राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केन्द्र में उपस्थित गणमान्य अतिथियों, विद्यार्थियों एवं अन्य दर्शकों को सीएसआईआर एवं सीरी की प्रमुख वैज्ञानिक उपलब्धियों की जानकारी दी।

### ✓ 'पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम' का आयोजन।

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 28 फरवरी से 03 मार्च, 2024 के दौरान 'पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा के 80 विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों (फैकल्टी) ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन संस्थान के पीएमई प्रभाग द्वारा किया गया। पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर दिनांक 28 फरवरी को तथा समापन दिनांक 3 मार्च, 2024 को गौरवपूर्ण ढंग से आयोजित दीक्षांत समारोह के साथ हुआ। संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित समापन एवं दीक्षांत कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, काजड़ा के प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार यादव एवं विद्यालय के शिक्षक, स्टेमरोबो, नोएडा के प्रशिक्षक श्री शिवम पांडेय तथा पीएमई प्रभाग के सहकर्मी उपस्थित थे। संस्थान के निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आज संपूर्ण विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। भारत सरकार युवाओं को स्टा र्टअप इंडिया मिशन के अंतर्गत नवाचारों के लिए प्रे रित और प्रोत्साहित कर रही है। दीक्षांत समारोह से पूर्व डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने छात्र-छात्राओं के मॉडलों का अवलोकन किया और उ नसे चर्चा की। समापन सत्र में डॉ पंचारिया ने विद्यार्थियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी भेंट किए।

### ✓ कोहॉर्ट फीनोम इंडिया परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य जाँच कैंप का आयोजन।

संस्थान में दिनांक 07-13 मार्च, 2024 तक फीनोम इंडिया परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य जाँच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के दोरान सीरी के वर्तमान व सेवानिवृत्त कार्मिकों के कार्डियोमेटाबॉलिक परीक्षण के लिए रक्त संग्रहण किया गया। इसके अलावा अन्य शारीरिक परीक्षण भी किए गए। संस्थान की डिस्पेन्सरी में आयोजित सात-दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में 354 व्यक्तियों का शारीरिक परीक्षण किया गया और रक्त के नमूने एकत्र किए गए। कार्यक्रम के अन्वेषक आईजीआईबी, नई दिल्ली के डॉ. शांतनु सेनगुप्ता थे और सीएसआईआर-सीरी में इस कैंप का समन्वयन प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दीपक बंसल द्वारा किया गया। सीरी डिस्पेन्सरी में चलाए जा रहे इस परीक्षण कैंप में सीएसआईआर-आईजीआईबी, नई दिल्ली की टीम ने डॉ. सुधीर रोहिला के नेतृत्व में संस्थान के वर्तमान कार्मिकों एवं दंपती सहित सेवानिवृत्त कार्मिकों का शारीरिक परीक्षण किया एवं रक्त के नमूने एकत्र किए। संस्थान-कार्मिकों की टीम ने कार्डियोमेटाबॉलिक परीक्षण में पूर्ण सहयोग किया।

### ✓ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 का आयोजन।

सीएसआईआर-सीरी में दिनांक 7 मार्च, 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के उपलक्ष्य में परिचर्चा एवं 8 मार्च, 2024 को सीरी स्टाफ क्लब के सौजन्य से सीरी एवं बिट्स-पिलानी की महिलाओं का क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। परिचर्चा में संस्थान की महिला सहकर्मी, महिला परियोजना कार्मिक एवं महिला प्रशिक्षार्थी, छात्राएं आदि तथा क्रिकेट मैच में बिट्स-पिलानी सहित सीरी कॉलोनी परिसर की महिला शक्ति ने प्रतिभागिता की। परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता मुख्य वैज्ञानिक डॉ शशिकांत सदिस्तप ने की। उन्होंने निदेशक, सीएसआईआर-सीरी की ओर से सभी महिला सहकर्मियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महिला सहकर्मियों के अलावा श्री प्रमोद तंवर, प्रमुख, पीएमई; श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक एवं श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी उपस्थित थे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीरी स्टाफ क्लब द्वारा सीरी और बिट्स के बीच सीरी क्रिकेट मैदान पर क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीरी की प्रथम महिला श्रीमती सीमा पंचारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने मैच के उपरांत खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

## महत्वपूर्ण बैठकें

1. **विषय :** अनुसंधान परिषद (55वीं रिसर्च काउंसिल)
**दिनांक :** 01 मार्च, 2024
**स्थान :** सम्मेलन कक्ष, सीएसआईआर-सीरी

2. **विषय :** प्रबंधन समिति (53वीं मैनेजमेंट कमेटी)
**दिनांक :** 06 मार्च, 2024
**स्थान :** सम्मेलन कक्ष, सीएसआईआर-सीरी

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

1. **उद्योग/क्लाइंट :** टेक-एक्स कॉर्पोरेशन
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** आर एण्ड डी
**दिनांक** – 15 जनवरी, 2024

2. **उद्योग/क्लाइंट :** टेराटेक कंपोनेंट्स लिमिटेड
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** कोलैबोरेशन/इंटरनेशनल
**दिनांक** – 23 फरवरी, 2024

3. **उद्योग/क्लाइंट :** पोटेंस कंट्रोल्स प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग
**दिनांक** – 29 जनवरी, 2024

4. **उद्योग/क्लाइंट :** आरएमसी स्विचगियर्स प्रा.लि.
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** कोलैबोरेशन
**दिनांक** – 06 फरवरी, 2024

5. **उद्योग/क्लाइंट :** जयपुर कैपिटल होल्डिंग्स एलएलपी
**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** कोलैबोरेशन
**दिनांक** – 06 फरवरी, 2024

## स्वीकृत/फाइल किए गए पेटेन्ट

**1. शीर्षक :** ए सिस्टम फॉर डिटेक्शन ऑफ एडल्टरेशन इन मिल्क

**शोधकर्ता/लेखक :** पीसी पंचारिया, हेपसिबा किरणमयी ए, रघुनाथ श्रीनिवासन, भानु प्रसाद पोक्कुनुरी

**पेटेन्ट स्वीकृति तिथि :** 28 फरवरी, 2024

**स्वीकृति सं. :** 516309

**2. शीर्षक :** हाइली सेंसिटिव मल्टीपर्पज पिरामिड टाइप सेंसिंग यूनिट फॉर ड्यूल एक्सिस सोलर ट्रेकिंग सिस्टम्स

**शोधकर्ता/लेखक :** महेन्द्र सिंह, महेश कुमार

**पेटेन्ट स्वीकृति तिथि :** 14 मार्च, 2024

**स्वीकृति सं. :** 525156

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 8वीं आईईईई इलेक्ट्रॉन डिवाइसेज़ टेक्नोलॉजी एण्ड मैन्युफैक्चरिंग (ईडीटीएम) कॉन्फ्रेंस

  **स्थान** – बंगलूरू

  **दिनांक** – 03-06 मार्च, 2024

  **शोध पत्र** – कंपैरिजन ऑफ इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल कैरेक्टरिस्टिक्स ऑफ सिमुलेटेड एण्ड फैब्रिकेटेड InGaN/GaN MQWs ग्रीन लाईट एमिटिंग डायोड्स ऑन सी-प्लेन सफायर

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सुश्री इंद्राणी मजूमदार, पीएचडी छात्रा

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 37वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन वीएलएसआई डिजाइन (वीएलएसआईडी 2024)

  **स्थान** – कोलकता

  **दिनांक** – 06-10 जनवरी, 2024

  **शोध पत्र** – सैट एण्ड स्कोप अटैक्स ऑन डिसेप्टिव मल्टीप्लेक्सर लॉजिक लॉकिंग

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री जुगल गाँधी, आईडीडीपी छात्र और सीएसआईआर-गेट-एसआरएफ

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनबल एनर्जी और एनवायरनमेंट (आईसीएसईई 2024)

  **स्थान** – एमएनआईटी, भोपाल

  **दिनांक** – 23-25 फरवरी, 2024

  **शोध पत्र** – एन इनसाइट इन टु एनर्जी मैनेजमेंट थ्रू स्मार्ट डाटा एनालिसिस यूजिंग मशीन लर्निंग फॉर रेडॉक्स फ्लो बैटरी

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – डॉ. अनिल कुमार सैनी, प्रधान वैज्ञानिक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई साउथ एशियन अल्ट्रासोनिक्स सिम्पोजियम (आईईईई एसएयूएस)

  **स्थान** – आईआईटी-गांधीनगर

  **दिनांक** – 27-29 मार्च, 2024

  **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट ऑफ 10 MHz ट्रांसीवर सर्किट फॉर सीएमयूटी

  **वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – श्री सोमेन्दु सिन्हा, वरिष्ठ वैज्ञानिक

## एसीएसआईआर समाचार

### ✓ पी एच डी मौखिक परीक्षा

**1. विषय :** डेवलपमेंट ऑफ आरएफ रेक्टेना बेस्ड एनर्जी हार्वेस्टर फॉर सेल्फ-सस्टेन्ड आईओटी इनेबल्ड सेंसर नोड्स

**प्रस्तुतकर्ता :** सुश्री खुशबू सिंह राघव, एसीएसआईआर पीएचडी छात्रा

**दिनांक :** 08 जनवरी, 2024

**2. विषय :** लीक डिटेक्शन इन स्मार्ट वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क्स यूजिंग मशीन लर्निंग टेक्नीक्स

**प्रस्तुतकर्ता :** सुश्री पूजा चौधरी, एसीएसआईआर पीएचडी छात्रा

**दिनांक :** 24 जनवरी, 2024

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

### ✓ तिमाही प्रगति रिपोर्ट

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर अक्टूबर-दिसम्बर, 2023 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 25 जनवरी, 2024 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

### ✓ राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अक्टूबर-दिसम्बर, 2023 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 30 जनवरी, 2024 को आयोजित की गई। बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर सभी रा.का.स. सदस्यों को सूचनार्थ भेजा गया।

### ✓ प्रकाशन कार्य

1. वार्षिक विज्ञान पत्रिका इलेक्ट्रॉनिक दर्पण – वर्ष 2023, अंक-7
2. त्रैमासिक राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 13, अंक 49 (जनवरी, 2024)

### ✓ प्रतियोगिताएं

1. श्रुतलेख – हिंदी भाषी (02 फरवरी, 2024)
2. श्रुतलेख – हिंदीतर भाषी (22 फरवरी, 2024)

## विदेशी दौरे

| क्र. | नाम व पदनाम | देश | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक तथा वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनीष मैथ्यु एवं श्री अशोक चौहान | ताईवान | 25.03.2024 से 27.03.2024 तक |

## प्रशासनिक समाचार

### ➢ सेवानिवृत्तियाँ

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री ए. सदासिव सरमा, वरि. प्रधान वैज्ञानिक | 29.02.2024 |

➢ **संस्थान से स्थानांतरण होकर गए अधिकारी/कार्मिक**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | प्रयोगशाला | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री महेन्द्र सिह, प्रशासनिक अधिकारी | सीएसआईआर-सीएफटीआरआई, मैसूर | 26.02.2024 |
| 2. | श्री सुप्रियो दास, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (1) | सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद | 01.03.2024 |
| 3. | श्री प्रेम कुमार, तकनीकी अधिकारी | सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद | 01.03.2024 |
| 4. | श्री सुरजीत दास, तकनीकी अधिकारी | सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद | 01.03.2024 |
| 5. | श्री आनंद कुमार उपाध्याय, तकनीकी अधिकारी | सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद | 01.03.2024 |
| 6. | श्री प्रदीप कुमार, तकनीशियन (2) | सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद | 15.03.2024 |
| 7. | श्री कुँवर सिह, तकनीकी अधिकारी | सीएसआईआर-एनपीएल, दिल्ली | 22.03.2024 |

## चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)



विश्व हिदी दिवस समारोह में अध्य क्षीय संबोधन देते हुए
डॉ. शशिकांत सदिस्तप मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी


विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर वार्षिक विज्ञान पत्रिका इलेक्ट्रॉनिक दर्पण का विमोचन करते हुए मंचस्थ अतिथिगण


सेमिकंडक्टर डिवाइसेज़ एण्ड सेंसर्स पर एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ करते हुए डॉ. पीसी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी


वाइड एण्ड अल्ट्रावाइड बैंडगैप डिवाइसेज़ एण्ड एप्लिकेशन्स पर एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. डीएस रावल, वैज्ञानिक-एच, एसएसपीएल (डीआरडीओ), नई दिल्ली


मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी को संस्थान द्वारा विकसित स्वदेशी एलईडी युक्त स्मृति चिह्न भेंट करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री संजय शर्मा, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए श्री संजय शर्मा, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए डॉ . पीसी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के समापन सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




पीएम श्री इंटर्नशिप कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री प्रमोद तंवर, प्रधान वैज्ञानिक





संस्थान में कोहॉर्ट फीनोम इंडिया परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य जाँच कैंप के दौरान सीरी डिस्पेंसरी में कार्डियोमेटाबॉलिक परीक्षण के लिए जॉच करवाते हुए डॉ. चन्द्रशेखर, पूर्व निदेशक एवं श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक





संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में महिला कार्मिकों को संबोधित करते हुए डॉ. शशिकांत सदिस्तप, मुख्य वैज्ञानिक